

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

मंगलवार 24 मार्च 2026 बर्ष 02 अंक 81 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com

**अनमोल वचन**

*"खुद की तरक्की में इतना वक्त लगा दो ! कि किसी दूसरे की बुराई करने का वक्त न मिले !!" "असंभव शब्द का प्रयोग केवल कायर ही करते हैं ! बहादुर और बुद्धिमान व्यक्ति अपना मार्ग स्वयं बनाते हैं !!*

## छठ व्रतियों का खरना के बाद 36 घंटे का निर्जला उपबास हुआ शुरू

### घाट पर ही तालाव के पानी से ही रोटी,खीर ,रसिया,पीठा ,दाल,अरवा चावल आदि लोहंडा का प्रसाद बनाया

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** चार दिवसीय चेती छठ पर्व के अबसर पर नहाय खाय के दूसरे दिन सोमबार को छठ व्रतियों ने पूरे दिन का उपवास करने के बाद संध्या में खरना किया,और पुरे संयम से छतीस घंटा का निर्जला उपवास शुरू किया। बड़गाँव सूर्यपीठ में देश के बिंभिन्य भागों से हजारों श्रद्धालु ने सूर्य तालाब में स्नान कर सूर्य मंदिर तक कष्टि दिया।उसके बाद स्नान कर गुरुबार की संध्या में तालाव के पानी से ही रोटी,खीर ,रसिया,पीठा ,दाल,अरवा चावल आदि लोहंडा का प्रसाद बनाकर ग्रहण किया।पौराणिक काल से ही लोगों में इस सूर्य तालाब एवं सूर्यमंदिर के प्रति काफी श्रद्धा है।खरना के साथ ही 36 घंटे का उपबास शुरू हो गया।आज मंगलवार को डुवते हुए सूर्य को पहली अर्घ छठ व्रतियों के द्वारा दी जायेगी।बुधवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ देने के बाद ही छठव्रती अन्य जल ग्रहण करेंगें।

**धोती साड़ी से श्रद्धालुओं ने खुले आसमान में बनाया आशियाना।**

सूर्यपीठ और ऐतिहासिक धाम होने के कारण मेला मे आये दूर दराज से श्रद्धालु पहुँचे हैं लेकिन मान्यता के अनुसार श्रद्धालुओं ने तालाव के आसपास धोती साड़ी से तंबू बनाकर डेरा डाला है।जबकि नगर पंचायत नालंदा पंडाल की व्यबस्था की गई है जहाँ श्रद्धालुओं को ठहरने की व्यवस्था किया गया है।वहिं अस्थायी शौचालय एवं बिजली की समुचित व्यवस्था की गई है।

**प्रशासन के द्वारा मेला नियंत्रण कक्ष बनाया गया।**

पुरे मेला परिसर में सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था को लेकर मेला क्षेत्र में अस्थायी पुलिस केंद्र ,भुला बिसरा केंद्र एवं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चिकित्सा कैम्प् लगाया गया है।साथ ही साथ सूर्यतालाब मे एनडीआरएफ की टीम के द्वारा निगरानी की व्यवस्था नौका के माध्यम से किया जाएगा।



कार्यपालक पदाधिकारी राजन कुमार ने बताया कि सभी जगहों पर सुरक्षा हेतु महिला एवं पुलिस बल की तैनाती की गयी है।बताया कि सुरक्षा को लेकर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी ,महिला एवं पुरुष लाठी वल,सशत्र पुरुष वल की तैनाती किया गया है।साथ ही मंदिर एवं सूर्यतालाव के क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे के द्वारा निगरानी रखा जा रहा है।






## लोकसभा में शून्यकाल के दौरान सांसद कौशलेंद्र कुमार ने उठाई कुम्हार समाज के हितों की आवाज

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहार शरीफ (नालंदा)** नालंदा के लो. कसभा सदस्य श्री कौशलेंद्र कुमार ने आज लोकसभा में शून्यकाल के दौरान कुम्हार (प्रजापति) समाज से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया। उन्होंने केंद्र सरकार से बिहार में कुम्हार जाति को अनुसूचित जाति की श्रेणी में शामिल करने तथा माटी कला बोर्ड के गठन की मांग की। सांसद ने कहा कि यह मांग वर्षों से केंद्र और राज्य सरकार के पास लंबित है। उन्होंने उल्लेख किया कि 1950 के भारत सरकार के आदेश में कुम्हार शिल्पकला को उपजाति के रूप में शामिल किया गया था, लेकिन अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के गठन के समय कुम्हार समाज का कोई प्रतिनिधित्व नहीं होने के कारण उन्हें इस श्रेणी से बाहर रखा गया। इसका परिणाम यह है कि आज बिहार में कुम्हार समाज की स्थिति अत्यंत दयनीय बनी हुई है। उन्होंने बताया कि अनुग्रह नारायण सामाजिक शोध संस्थान द्वारा समाज की एथनोग्राफी रिपोर्ट बिहार सरकार को सौंपी जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है।उन्होंने कहा कि कुम्हार समाज के लगभग 90 प्रतिशत लोग आज भी अशिक्षित हैं और उनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर है। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि कुम्हार समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए समन्वय समिति लंबे समय से उन्हें अनुसूचित जाति में शामिल करने की मांग कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि कुम्हारों के सामने मिट्टी उठाव, जलावन की व्यवस्था और बालू के उठाव की अनुमति जैसी बुनियादी समस्याएं भी हैं, जिसके कारण वे आज भी भुखमरी जैसी स्थिति में जीवनयापन करने को मजबूर हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि इस विषय पर गंभीरता से विचार किया जाए, बिहार सरकार से परामर्श किया जाए और अन्य राज्यों की तरह बिहार में भी माटी कला बोर्ड के गठन की अनुमति एवं सहयोग प्रदान किया जाए, ताकि कुम्हार समाज को सम्मान. जनक जीवन और विकास के अवसर मिल सकें।

## डी.एल.एड. सत्र 2025–27 का भव्य शुभारंभ, मंत्री श्रवण कुमार ने दिया प्रेरणादायी संदेश

### कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ की गई

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट**

महाबोधि महाविद्यालय (बी.एड. एवं डी.एल.एड.), नालंदा में डी.एल.एड. सत्र 2025–27 के नवप्रवेशित प्रशिक्षुओं के लिए नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ अत्यंत उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बिहार सरकार के माननीय मंत्री श्री श्रवण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उप. स्थित रहे। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य अतिथि एवं शिक्षा जगत से जुड़े प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ की गई, जिसके पश्चात महाविद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि श्री श्रवण कुमार ने अपने संबोधन में प्रशिक्षुओं को शिक्षा के क्षेत्र में समर्पण एवं नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण की आधारशिला होते हैं। उनकी जिम्मेदारी केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं होती, बल्कि वे विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने नवप्रवेशित प्रशिक्षुओं को प्रेरित करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण भाव से करने का आह्वान किया। महाविद्यालय के सचिव डॉ. अरविंद कुमार ने अपने वक्तव्य में शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने महाविद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए प्रशिक्षुओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दीपक शर्मा ने संस्थान की उपलब्धियों एवं भविष्य की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि महाबोधि महाविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा छात्रों को उच्च



गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को प्रेरणा प्रदान करते हैं और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण वह क्षण रहा जब मंत्री श्री श्रवण कुमार द्वारा एसटीईटी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों एवं विभिन्न विद्यालयों में चयनित छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मा. नित किया गया। इस सम्मान से छात्रों में गर्व एवं उत्साह का माहौल देखा गया। सम्मानित विद्यार्थियों ने इसे अपने जीवन की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए महाविद्यालय एवं शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर बी.एड. एवं डी.एल.एड. के प्रशिक्षुओं ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई और अपने विचार साझा किए। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से किया गया तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन डी.एल.एड. विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव श्री राजेंद्र प्रसाद, बी.एड. विभाग के सचिव डॉ. अरविंद कुमार, प्राचार्य डॉ. दीपक शर्मा सहित सभी शिक्षकगण एवं बी.एड. एवं डी.एल.एड. के प्रशिक्षुगण उपस्थित थे। महाबोधि महाविद्यालय द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम न केवल नवप्रवेशित छात्रों के लिए प्रेरणादायक रहा, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में संस्थान की प्रतिबद्धता एवं उत्कृष्टता को भी दर्शाता है।





# पर्व-त्योहारों को लेकर प्रशासन अलर्ट, लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई – डीएम

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहार शरीफ (नालंदा)** जिले में आगामी पर्व–त्योहारों को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। सोमवार को जिला पदा. धिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित साप्ताहिक समन्वय समीक्षा बैठक में विधि–व्यवस्था, सुरक्षा और विकास कार्यों को लेकर कई अहम निर्देश दिए गए। डीएम ने स्पष्ट किया कि चिरागा मेला, रामनवमी, चौती छठ और महावीर जयंती के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने भीड़ नियंत्रण, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और सीसीटीवी निगरानी सहित सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करने का निर्देश दिया। साथ ही तैनात दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों को अपने–अपने ड्यूटी स्थल पर हर हाल में उपस्थित रहने को कहा गया। अनुपस्थित पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। बैठक में 'सबका सम्मान–जीवन आसान' योजना पर जोर देते हुए डीएम ने निर्देश दिया कि हर सोमवार और शुक्रवार को सभी सरकारी कार्यालयों में पदाधिकारी उपस्थित रहकर आम लोगों की समस्याएं सुनें और उनका त्वरित समाधान करें। आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए कार्यालयों में पेयजल, बैठने और अन्य सुविधाएं भी सुनिश्चित करने को कहा गया। कृषि और राजस्व विभाग को एग्री–स्टैक परियोजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। इसके लिए कैंप लगाकर जमाबंदी सत्यापन और ई–केवाईसी कार्य को मिशन मोड में पूरा करने को कहा गया। जिला जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों के शत–प्रतिशत निष्पादन पर जोर देते हुए डीएम ने सभी विभागों को समयबद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया। भूमि विवाद से जुड़े मामलों को भी प्रा. थमिकता के आधार पर निपटाने को कहा गया।




तकनीकी विभागों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने और आवश्यक एनओसी लेने का निर्देश दिया गया। वहीं लघु सिंचाई विभाग को पईन और आहर को अतिक्रमणमुक्त कराने के निर्देश दिए गए, ताकि किसानों को सिंचाई में परेशानी न हो। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लंबित मामलों को शीघ्र निपटाने के निर्देश भी दिए गए। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को गर्मी के मौसम को देखते हुए नल–जल से जुड़ी शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए मोबाइल टीम और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने को कहा गया। राजस्व विभाग को म्यूटेशन, ई–मापी और परिमार्जन प्लस कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। साथ ही राशन कार्ड के लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन और खाद्यान्न का समय पर वितरण सुनिश्चित करने को कहा गया। मद्यनिषेध के तहत शराब विनष्टीकरण कार्य को जल्द पूरा करने और हिलसा में उत्पाद थाना निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को सभी जांच सेवाएं सुचारू रूप से संचालित रखने और खराब मशीनों की तत्काल मरम्मत सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में जिले के वरीय अधिकारी एवं सभी प्रखंड स्तर के पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।





# गरीबी पर मेहनत की जीत: करायपरसुराय की शाजिया अंसारी ने इंटर आर्ट्स में राज्य में तीसरा स्थान हासिल कर बढ़ाया नालंदा का मान

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट करायपरसुराय (नालंदा)।** हौसले बुलंद हों और इरादे नेक, तो संसाधनों की कमी कभी आड़े नहीं आतीकृइसे सच कर दिखाया है जिले के सुदूरवर्ती करायपरसुराय प्रखंड की रहने वाली शाजिया (सहज) अंसारी ने। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा घोषित इंटरमीडिएट आर्ट्स के परिणाम में शाजिया ने पूरे राज्य में तीसरा स्थान (रैंक 3) प्राप्त कर नालंदा जिले का मान बढ़ाया है। राजकीयकृत प्लस टू उच्च माध्यमिक विद्यालय, करायपरसुराय की इस छात्रा ने 95.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉपर्स की सूची में अपनी जगह बनाई है। कुल 477 अंक हासिल करने वाली शाजिया की सफलता पूरे जिले के लिए गर्व का विषय बन गई है। शाजिया की यह उपलब्धि इसलिए और भी खास है क्योंकि उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि बेहद साधारण है। उनके पिता कर्नाटक में सिलाई कारीगर के रूप में कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता शहनाज बानो एक गृहिणी हैं। आर्थिक चुनौतियों के बावजूद शाजिया ने अपनी पढ़ाई में कभी कमी नहीं आने दी और लगातार मेहनत कर यह मुकाम हासिल किया।अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता–पिता और गुरुजनों को दिया। उन्होंने बताया कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा गांव के मध्य विद्यालय डियामा से हुई और कड़ी मेहनत तथा लगन के बल पर उन्होंने राज्य स्तर पर यह सफलता प्राप्त की है। भविष्य को लेकर शाजिया ने कहा कि उन्हें पढ़ना और पढ़ाना दोनों पसंद है। वह आगे चलकर एक शिक्षिका बनना चाहती हैं, ताकि समाज की सेवा कर सकें और आने वाली पीढ़ी को शिक्षित बना सकें। उनके अनुसार, शिक्षा का प्रसार ही समाज की सबसे बड़ी सेवा है। शाजिया की इस उपलब्धि से पूरे प्रखंड और जिले में खुशी का माहौल है। विद्यालय के शिक्षकों और स्थानीय लोगों ने इसे गौरव का क्षण बताया है। उनकी सफलता उन हजारों विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है, जो सीमित सं. साधनों के बीच भी बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने का साहस रखते हैं।

# आधुनिक खेती की ओर कदम – नालंदा के 40 किसान उन्नत प्रशिक्षण के लिए पश्चिम बंगाल के कूच बिहार रवाना

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट (नालंदा)।** किसानों की आय बढ़ाने और आधु. निक कृषि तकनीकों के प्रसार के उद्देश्य से आत्मा योजना के तहत जिले के 40 चयनित किसानों को पांच दिवसीय कृषक परिभ्रमण कार्यक्रम के लिए पश्चिम बंगाल के कूच बिहार स्थित कृषि विज्ञान केंद्र भेजा गया है। यह कार्यक्रम "किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि क्षेत्र में तात्कालिक उन्नति" विषय पर आधारित है। इसके तहत किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, फसल विविधीकरण, आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग, उन्नत बीज, जैविक खेती और एकीकृत कृषि प्रणाली की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान कृषि वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों द्वारा किसानों को सैद्धांतिक और प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही फील्ड विजिट के माध्यम से सफल किसानों के मॉडल फार्म का अवलोकन कराया जाएगा, जिससे किसान नई तकनीकों को अपने क्षेत्र में अपनाने के लिए प्रेरित हो सकें। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि इस तरह के राज्य के बाहर परिभ्रमण कार्यक्रम से किसानों को अन्य राज्यों में अपनाई जा रही उन्नत कृषि पद्धतियों को समझने का अवसर मिलता है। इससे उनका दृष्टिकोण व्यापक होता है और वे अपने क्षेत्र में नवाचार अपनाकर अपनी आय बढ़ा सकते हैं।





उन्होंने बताया कि किसानों का चयन पारदर्शी प्रक्रिया के तहत किया गया है, जिसमें प्रगतिशील और इच्छुक किसानों को प्राथमिकता दी गई है। प्रशिक्षण अवधि के दौरान आवास, भोजन और अन्य आवश्यक सुविधाएं आत्मा योजना के अंतर्गत उपलब्ध कराई जा रही हैं।कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान और अनुभव का उपयोग अपने खेतों में करें और अन्य किसानों के बीच भी इसका प्रसार करें, ताकि जिले में कृषि क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।

# आईएमए बिहार शरीफ की वार्षिक आम बैठक संपन्न, नई कार्यकारिणी का गठन

**केशववाणी विनय शंकर की रिपोर्ट बिहार शरीफ, (नालंदा)।** आईएमए बिहार शरीफ की वार्षिक आम बैठक का आयोजन आईएमए भवन, बिहार शरीफ में किया गया। बैठक में आगामी सत्र 2026–27 के लिए नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया।बैठक में अध्यक्ष पद के लिए डॉ. अजय कुमार सिन्हा (शिशु विशेषज्ञ), सचिव पद के लिए डॉ. धनंजय कुमार (शिशु विशेषज्ञ) तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए डॉ. ब्रजेश कुमार को मनोनीत किया गया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर डॉ. (श्रीमती) ममता रानी (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. सुजीत कुमार (जीवन ज्योति अस्पताल), डॉ. धर्मेंद्र कुमार सिंह (फिजिशियन) को चुना गया। संयुक्त सचिव पद के लिए डॉ. एम. हयात, डॉ. इन्द्रजीत कुमार एवं डॉ. राकेश कुमार का चयन किया गया।




नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार सिन्हा ने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका प्रयास टीम वर्क, निरंतर प्रगति और सार्थक पहलों के माध्यम से एसोसिएशन को मजबूत एवं एकजुट बनाए रखना होगा। उन्होंने कहा कि आईएमए हमेशा से एकता, ज्ञान और प्रोफेशनल गरिमा के लिए प्रतिबद्ध रहा है और वे इन मूल्यों को आगे बढ़ाते हुए वरिष्ठ एवं युवा चिकित्सकों को समान अवसर प्रदान करेंगे। साथ ही, उन्होंने सदस्यों की समस्याओं के समाधान और चिकित्सा क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प जताया।कार्यकारिणी का चुनाव मुख्य चुनाव आयुक्त डॉ. अरविन्द कुमार सिन्हा, चुनाव आयुक्त डॉ. जवाहर लाल एवं डॉ. श्याम बिहारी की देखरेख में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। बैठक में डॉ. सियाशरण प्रसाद, डॉ. बीरेंद्र प्रसाद, डॉ. मिथिलेश प्रसाद, डॉ. अखिलेश कुमार सिंह, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, डॉ. श्याम किशोर प्रसाद, डॉ. निर्मला सिन्हा, डॉ. प्रीति रंजना, डॉ. नीतू, डॉ. रेणु, डॉ. त्रिशला सहित आईएमए बिहार शरीफ के कई सदस्य उप. स्थित रहे।






# "नर्सिंग की पढ़ाई या बदहाली की सजा?" पावापुरी जीएनएम कॉलेज में छात्राओं का प्रदर्शन, गेट पर जड़ा ताला




**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट (नालंदा)।** भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान स्थित जीएनएम कॉलेज में बदहाल व्यवस्थाओं के खिलाफ सोमवार को छात्राओं का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित छात्राओं ने कॉलेज गेट पर ताला जड़कर जमकर नारेबाजी की और मांगें पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेता. वनी दी। प्रदर्शन कर रही छात्राओंकृबबली कुमारी, आरुति राज, सोनी कुमारी सहित अन्यकृने आरोप लगाया कि पिछले एक वर्ष से कॉलेज में बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी बनी हुई है। बिजली कटौती के कारण हालात इतने खराब हो जाते हैं कि छात्राओं को दैनिक जरूरतों के लिए खेत या अन्य वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ता है। जेनरेटर की व्यवस्था नहीं होने से स्थिति और गंभीर हो जाती है। दूर–दराज से आई छात्राएं सबसे ज्यादा परेशान हैं। छात्रावास व्यवस्था को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए गए हैं। छात्राओं का कहना है कि लड़कियों और लड़कों का हॉस्टल एक ही भवन में संचालित हो रहा है, जिससे उनकी प्राइवेसी और सुरक्षा पर खतरा बना रहता है। इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थिति भी चिंताजनक बताई गई है। पूरे हॉस्टल में केवल दो बाथरूम ही उपयोग लायक हैं, जिनमें भी कुंडी नहीं लगती। ऊपर से गंदा पानी नीचे टपकता है और छत से पानी रिसने की समस्या बनी रहती है, जिससे स्वच्छता और स्वास्थ्य पर खतरा है। शैक्षणिक व्यवस्था पर भी छात्राओं ने सवाल उठाए। उनका कहना है कि जहां 18 शिक्षकों की जरूरत है, वहां केवल 2 शिक्षकों के भरोसे कॉलेज चल रहा है। साथ ही एक वर्ष पहले कॉलेज भवन की पिछली दीवार गिरने के बाद भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

खानपान को लेकर भी छात्राओं ने गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि भोजन में अक्सर कीड़े निकलते हैं, जिसकी शिकायत के बावजूद कोई सुधार नहीं हुआ। इसके अलावा स्टाइपेंड के नाम पर 500 रुपये वसूले जाने का भी आरोप लगाया गया। इधर, कॉलेज की प्राचार्या स्मिता कुमारी ने इन आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हाल ही में बारिश और आंधी के कारण पूरे क्षेत्र में तीन दिनों तक बिजली बाधित रही, जिससे यह समस्या उत्पन्न हुई। उन्होंने माना कि जेनरेटर की सुविधा नहीं होने से दिक्कतें बढ़ती हैं, लेकिन स्टाइपेंड के नाम पर किसी से कोई राशि नहीं ली गई है। प्राचार्या ने यह भी स्वीकार किया कि शौचालय की स्थिति खराब है और छात्राएं पिछले एक वर्ष से इन समस्याओं से जूझ रही हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में संबंधित एजेंसी को कई बार पत्राचार किया गया है। भवन की दीवार गिरने के बाद अधिकारियों ने निरीक्षण भी किया था, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। हॉस्टल को लेकर उन्होंने कहा कि एक ही भवन में लड़कियों और लड़कों के लिए अलग–अलग हिस्से बनाए गए हैं, जिनके बीच पार्टिशन है, लेकिन प्राइवेसी को लेकर समस्या बनी हुई है। इस विषय में भी पहले ही अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। छात्राओं ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चली जाएंगी।

# इंटर विज्ञान में पूजा कुमारी ने मारी बाजी, जिले में दूसरा स्थान, डॉक्टर बनने का सपना



**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट नूरसराय, नालंदा।** नूरसराय प्रखंड की छात्रा पूजा कुमारी ने इंटर विज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। 463 अंक (92.6 प्रतिशत) हासिल कर पूजा ने न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, नूरसराय की छात्रा पूजा साहसराय मो. हल्ला निवासी संजय शर्मा की सबसे छोटी पुत्री हैं। साधारण किसान परिवार से आने वाली पूजा चार भाइयों और तीन बहनों में सबसे छोटी हैं। उनकी माता श्यामफुल देवी गृहिणी हैं। इससे पूर्व भी पूजा मैट्रिक परीक्षा में 469 अंक के साथ प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हो चुकी हैं। अपनी सफलता के पीछे पूजा ने कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन को अहम बताया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में सभी विषयों की नियमित पढ़ाई नहीं हो पाती थी, खासकर भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित के शिक्षक नहीं हैं। इसके बावजूद शिक्षक ई. मनोज कुमार ने उन्हें हर विषय में मार्गदर्शन दिया और लगातार प्रोत्साहित किया, जिसका परिणाम आज सामने है। पूजा प्रतिदिन 10 से 11 घंटे पढ़ाई करती थीं। पूजा का लक्ष्य आगे चलकर डॉक्टर बनना है। उनका कहना है कि सीमित संसाधनों के बावजूद यदि सही दिशा और मेहनत हो तो सफलता जरूर मिलती है।

विद्यालय में इंटर स्तर पर कुल 12 शिक्षक पदस्थापित हैं, लेकिन विज्ञान के मुख्य विषयों के शिक्षक नहीं होने के बावजूद पूजा ने अपने दृढ़ संकल्प और वैकल्पिक व्यवस्था के सहारे यह उपलब्धि हासिल की है। पूजा की इस सफलता पर उनके माता–पिता, भाई धनंजय, अजय, बंटी, संटू, बहन नीतू, प्रीति के साथ–साथ विद्यालय के प्रधानाध्यापक रंजीत कुमार, शिक्षक धर्मेंद्र कुमार, राही, रामकुमार, अभिमन्यु कुमार, गौतम कुमार सहित अन्य लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# मुर्गियाचक गांव के खंधा से 18 पोल का तार हुई चोरी



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट रहूइ(नालंदा)।** नालंदा जिले में एक बार फिर से तरकटवा चोर सक्रिय हो गया है। रहूई के वेना थाना क्षेत्र के सुपासंग हाई स्कूल से मुर्गियाचक जाने वाली रोड किनारे कृषि कार्य के लिए लगाए गए बिजली के पोल से सक्रिय चोरों ने रविवार की रात्रि को चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी ग्रामीणों को सोमवार की सुबह में हुई। उसके बाद इसकी सूचना विद्युत प्रशाखा धमौली के विद्युत कनीय अभियंता राजीव कुमार को दिया गया। सूचना मिलते ही जेई राजीव कुमार उक्त स्थान पर पहुंचकर चोरी की आकलन किया गया। उन्होंने बताया कि कृषि कार्य के लिए लगाए गए कुल 18 पोल पर से सक्रिय चोरों ने चालू लाइन में बिजली का तार चोरी कर लिया। उन्होंने बताया की तार की कुल लंबाई 1400 मीटर है। तार की कीमत 3 लाख 10 हजार रुपए बताई जा रही है।स्थानीय किसान शिशुपाल कुमार, सुजीत कुमार,अजीत,कारू,पवन,विकास, पप्पू समेत दर्जनों किसानों ने बताया कि तार चोरी की घटना से क्षेत्र के किसानों में काफी नाराजगी है। क्योंकि तार चोरी हो जाने से किसानों को खेत पटाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। वही वेना थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि तार चोरी का आवेदन प्राप्त होने के बाद चोरों के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कर मामले की जांच की जाएगी।

# नवोदय प्रवेश परीक्षा में अंशु कुमार सफल, क्षेत्र का नाम किया रोशन



**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट 'इस्लामपुर (नालंदा)।** स्थानीय नगर के सत्यारगंज मोहल्ला स्थित बाल विद्या मंदिर के छात्र अंशु कुमार ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर अपने माता–पिता, विद्यालय और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई। छात्र–छात्राओं, शिक्षकों एवं विद्यालय के प्राचार्य रंजीत शर्मा ने अंशु कुमार को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंशु की इस उपलब्धि से उनके परिवार और मो. हल्ले में भी उत्सव जैसा माहौल है। उनके पिता सुनील कुमार, जो सत्यारगंज मोहल्ला के निवासी हैं, एक साधारण परिवार से आते हैं और बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देते हैं। कड़ी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास के बल पर अंशु कुमार ने यह सफलता प्राप्त की है, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120




# राजगीर नगर परिषद में सैरातों की खुली डाक प्रक्रिया संपन्न, 86.25 लाख रुपये राजस्व प्राप्त

**केशववाणी संजीव कुमार बिट्टू की रिपोर्ट नालंदा।** राजगीर नगर परिषद कार्यालय में सैरातों की खुली डाक (ओपन टेंडर) प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई। यह प्रक्रिया कार्यपालक पदाधिकारी अजीत कुमार एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि सुवेन्द्र राजवंशी की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित की गई। खुली डाक के दौरान कुंड पार्किंग सैरात के लिए अंतिम बोली 72 लाख 1 हजार रुपये पर बंद हुई। सर्वाधिक बोली लगाने वाले सूर्य देव कुमार उर्फ सूरज यादव को कुंड पार्किंग सैरात की बंदोबस्ती दी गई। अधिकारियों ने बताया कि इस बार कुंड पार्किंग से नगर परिषद को बेहतर राजस्व प्राप्त होने की उम्मीद है। इसके अलावा अन्य सैरातों में 49 प्लेटफॉर्म, श्मशान घाट, मवेशी हाट, शौचालय आदि की बंदोबस्ती से इस वर्ष कुल 86,25,901 रुपये का राजस्व संग्रह किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में अधिक और संतोषजनक माना जा रहा है। इस अवसर पर वार्ड पार्षद मीरा देवी, डॉ. अनिल कुमार, श्यामदेव राजवंशी, कविता राजवंशी एवं अजय यादव सहित अन्य जनप्र. तिनिधि और नगर परिषद के कर्मी उपस्थित रहे।

# बिहार दिवस पर छात्राओं ने की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति




**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** स्थानीय आरडीएच हाईस्कूल में बिहार दिवस पर चल रहे कार्यक्रम में सोमवार को विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। बच्चों ने लोगों का मन मोहा। कार्यक्रम में डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, आरडीएच हाईस्कूल, आदर्श मध्य विद्यालय राजगीर, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सहित अन्य के छात्राओं ने बिहार पर आधारित गीत के अलावा अन्य प्रस्तुति दी। इस अवसर पर आरडीएच के प्रभारी प्राचार्य इंदू सिन्हा, दीपक कुमार, शिशुपाल उपाध्याय, गिरजानंदन पांडेय, मनोज कुमार, कंचन कुमारी, परमानंद प्रभाकर, राजीव रंजन कुमार, विनोद कुमार, श्यामलाल महतो, रमेश कुमार, आशीष कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# आर्थिक रूप से कमजोर छठ व्रतियों को मदद करेगा टमटम यूनियन

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर(नालंदा)।** छठ पर्व में टमटम यूनियन ने यह फैसला लिया कि उनके तरफ से वैसे छठ व्रति जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं उनको मदद करेगा। यूनियन के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने कहा कि यूनियन की ओर से व्रतियों को छठ घाटों तक जाने के लिए निरूशुल्क टमटम उपलब्ध रहेगा। वहीं ई रिक्शा भी सुविधा में रहेगी। इस मौके पर उपाध्यक्ष शिवालिक यादव, कैशियर मदन चौधरी, पंकज पासवान, वीरेंद्र कुमार, तेगा यादव, मनोज चौधरी, धर्मेंद्र कुमार, मुन्ना चौधरी, मनोज राजवंशी, शंकर राजवंशी, सीटू यादव, लखन चौधरी, लव कुश राजवंशी सहित अन्य ने मिलकर इसका समर्थन किया।

# पारिवारिक कलह से तंग आकर युवक ने आग लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट इस्लामपुर,(नालंदा)।** इस्लामपुर थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद से परेशान एक युवक द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना खोदागंज थाना क्षेत्र के महमूदा पंचायत अंतर्गत वनबाग गांव की है, जहां बद्री प्रसाद के 33 वर्षीय पुत्र दिनेश प्रसाद ने कथित तौर पर खुद को आग लगाकर जान दे दी। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार गहलोत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पा. स्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक के पुत्र द्वारा गांव की एक युवती के साथ घर से भाग जाने के बाद से ही परिवार पर लगातार दबाव बनाया जा रहा था। इसी मुद्दे को लेकर घर में तनाव की स्थिति बनी हुई थी। बताया जाता है कि पिता–पुत्र के बीच कहासुनी के बाद उत्पन्न पारिवारिक कलह से आहत होकर दिनेश प्रसाद ने यह आत्मघाती कदम उठाया। गौरतलब है कि युवती के परिजनों द्वारा लड़की भगाने के मामले में मृतक के पुत्र के साथ–साथ पिता समेत अन्य लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया था। इस घटना के बाद से परिवार मानसिक दबाव में था। पुलिस ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है और पूर्व में दर्ज मामले से जुड़े पहलुओं को खंगालते हुए विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन छानबीन की जा रही है।



# नालंदा के 30 किसान बीज उत्पादन तकनीक प्रशिक्षण के लिए कृषि विज्ञान केंद्र पूर्णिया रवाना

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहार शरीफ, (नालंदा)।** जिले में गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आत्मा योजना के तहत विशेष पहल की गई है। इसके अंतर्गत जिले के 30 प्रगतिशील किसानों को "बीज उत्पादन तकनीक" विषय पर पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण के लिए कृषि विज्ञान केंद्र, पूर्णिया भेजा गया है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों को उन्नत और वैज्ञानिक तरीकों से बीज उत्पादन की जानकारी देना है, ताकि वे बेहतर गुणवत्ता वाले बीज तैयार कर अपनी आय बढ़ा सकें। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को उन्नत किस्मों का चयन, बीज की शुद्धता बनाए रखना, रोपण विधि, परागण प्रबंधन, फसल सुरक्षा, कटाई और भंडारण के वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी दी जाएगी। कृषि वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों द्वारा किसानों को सैद्धांतिक और प्रायोगिक दोनों प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही फील्ड विजिट के माध्यम से सफल बीज उत्पादन मॉडलों का अवलोकन भी कराया जाएगा, ताकि किसान इन तकनीकों को अपने खेतों में प्रभावी ढंग से लागू कर सकें। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि गुणवत्तापूर्ण बीज ही कृषि उत्पादन का आधार है।




नई तकनीकों को अपनाकर किसान न केवल अपनी उत्पादकता बढ़ा सकते हैं, बल्कि अतिरिक्त आय के स्रोत भी विकसित कर सकते हैं।उन्होंने बताया कि किसानों का चयन पारदर्शी प्रक्रिया के तहत किया गया है, जिसमें प्रगतिशील और इच्छुक किसानों को प्राथमिकता दी गई है। प्रशिक्षण अवधि के दौरान आवास, भोजन और अन्य आवश्यक सुविधाएं आत्मा योजना के तहत उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिला कृषि पदाधिकारी ने किसानों से अपील की है कि वे प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान का अधिक से अधिक उपयोग करें और इसे अन्य किसानों तक भी पहुंचाएं, ताकि जिले में गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन को बढ़ावा मिल सके।

# शहीद-ए-आजम भगत सिंह,राजगुरु,सुखदेव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शहीद दिवस मनाया गया

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोट (नालंदा)।** बिहारशरीफ के आनंद मार्ग ब्लॉक चौक स्थित अतिपिछड़ा/दलित/अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा एवं फुटपाथ संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में शहीद–ए–आजम भगत सिंह, राजगुरु,सुखदेव के चित्र पर मल्यापन कर पुष्प अर्पित करते हुए शहीद दिवस के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर अतिपिछड़ा/दलित/अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं फुटपाथ संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामदेव चा. ैधरी ने कहा कि शहीद–ए–आजम भगत सिंह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के सबसे प्रभावशाली क्रांतिकारी नायक थे। वे एक निडर लेखक, प्रखर वक्ता और समाजवादी विचारक थे। इनका जन्म 28 सितंबर 1907 बंगा लायलपुर जिला (अब पाकिस्तान) में हुआ था। उनके पिता किशन सिंह और चाचा अजीत सिंह क्रांतिकारी थे। 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड ने उनके बाल मन पर गहरा प्रभाव डाला। लाहौर के नेशनल कॉलेज में पढ़ाई की,जो स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा स्थापित था। उन्होंने चंद्रशेखर आजाद के साथ मिलकर हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन को पूर्ण गठित किया।



8 अप्रैल 1929 को बटुकेश्वर दत्त के साथ दिल्ली सेंट्रल असेंबली में बहरों को सुनाने के लिए बम फेंका लेकिन किसी को चोट नहीं पहुंचाई और खुद को गिरफ्तार कराया।लाहौर षड्यंत्र मामले में 23 मार्च 1931 को लाहौर जेल में निर्धारित तारीख से एक दिन पहले राजगुरु और सुखदेव के साथ उन्हें फांसी दे दी गई। भगत सिंह का नारा श्इंकलाब जिंदाबादश आज भी देशभक्ति का प्रतीक है। उपस्थित सभी ने उनके मार्ग पर चलने का संकल्प लिए। इस मौके पर फुटपाथ संघर्ष मोर्चा के जिला सचिव सदीक अजहर महेंद्र प्रसाद अजीत कुमार मिथिलेश कुमार शैलेंद्र कुमार अजय कुमार चंदन कुमार प्रिंस कुमार आदि लोगों उपस्थित थे।

# गढ़ पर सोगरा मार्केट में एनजे स्कॉलर्स अकादमी का उद्घाटन, किफायती शिक्षा पर जोर

**केशववाणी विनय शंकर की रिपोर्ट (नालंदा)।** शहर के गढ़ पर सोगरा मार्केट स्थित पहले फ्लोर पर सोमवार, 23 मार्च 2026 को एनजे स्कॉलर्स अकादमी का विधिवत उद्घाटन किया गया। स्कूल के डायरेक्टर डॉ. मोहम्मद खालिद के माता–पिता नसीमा खातून एवं मोहम्मद जहांगीर आलम ने फीता काटकर संस्थान का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में शहर की जानी–मानी हस्ती तनीवर अख़्तर, स्कूल के एकेडमिक हेड अब्दुल कादिर, मुमताज आलम, मोहम्मद सद्दाम, मोहम्मद सज्जाद सहित स्कूल के सभी शिक्षक, स्टाफ और बड़ी संख्या में अभिभ. ावक उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य किफायती दर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक कक्षा में अधि. कतम 24 छात्रों का बैच रखा गया है, ताकि हर छात्र पर शिक्षक का व्यक्तिगत ध्यान सुनिश्चित किया जा सके। अकादमी में प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा 5 तक की नियमित स्कूल शिक्षा के साथ–साथ कक्षा 6 से 10 तक के छात्रों के लिए सभी विषयों की ईवनिंग कोचिंग की व्यवस्था भी की गई है।



कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने नई शैक्षणिक पहल की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए लाभदायक बताया।



# हरनौत – नगर पंचायत के वार्ड संख्या 15 में 22.5 लाख रुपए की लागत से नली–गली एवं पीसीसी ढलाई का कार्य हुआ शुरू

**केशववाणी सुनील कुमार की रिपोर्ट हरनौत(नालंदा)।** हरनौत नगर पंचायत के सौजन्य से नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 15 में स्थित बीच बाजार के दक्षिण दिशा में रामब. ालक सेठ जी के गली से झा मार्केट तक नाली का निर्माण एवं पीसीसी ढलाई का कार्य शुरू हो गया है। कार्यस्थल पर मौजूद उपमुख पार्षद प्रतिनिधि सुरेश सिंह ने सोमवार की दोपहर 1रू45 बजे बताया कि नगर पंचायत के द्वारा टेंडर के माध्यम से 16.5 लाख रुपए की लागत से 7.5 सौ फीट लंबाई में नाली एवं ₹6 लाख की लागत से पीसीसी ढलाई का कार्य किया जाना है। सबसे पहले नाली बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जो डेढ़ माह के अंदर ही नाली एवं ढलाई का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि घरों से पानी गिरने के कारण नाली के निर्माण में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि नाली एवं गली का निर्माणन हो जाने से मोहल्ले वासियों को आने–जाने में काफी सहूलियत होगी। वही कार्यपालक पदाधिकारी सौरव सुमन ने बताया कि कार्यस्थल पर जेई को निरीक्षण करने के लिए बोला गया है। गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि रेगुलर काम जारी रहा तो जल्द ही कार्य को पूरा कर लिया जाएगा।

# नालंदा में एलपीजी गैस की नहीं है कमी, अफवाहों पर ध्यान न दें: डीएम

**केशववाणी अमर वर्मा की रिपोट (नालंदा)।** जिले में एलपीजी गैस सिलिंडर की कोई कमी नहीं है और उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस उपलब्ध कराई जा रही है। यह जानकारी जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने सोमवार को दी।उन्हा. ेंने बताया कि जिले में संचालित तीनों तेल विपणन कंपनियों की कुल 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 16,679 एलपीजी गैस सिलिंडर उपभोक्ताओं तक पहुंचाए जा रहे हैं। उपभोक्ताओं द्वारा गैस रिफिलिंग के लिए दिए गए आवेदनों के अनुसार समय पर सिलिंडर उपलब्ध कराया जा रहा है।डीएम ने आमजनों से अपील की है कि गैस की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों पर ध्यान न दें और सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि एलपीजी सिलिंडर की बुकिंग एवं संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम (टोल फ्री नंबर–06112–233168) संचालित किया जा रहा है, जहां उपभोक्ता अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।जिला प्रशासन द्वारा गैस एजेंसियों का लगातार भौतिक निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही जमाखोरी और कालाबाजारी की आशंका को देखते हुए छापेमारी अभियान भी चलाया जा रहा है। डीएम ने चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति एलपीजी सिलिंडरों की जमाखोरी, कालाबाजारी या घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करते पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने लोगों से सजग और सतर्क रहने की अपील की है।







